डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांक: लो0अ0वि0 / परीक्षा / 1679 / 2022 दिनांक: 19 / 01 / 2022

अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बन्धित समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) एवं परास्नातक (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष)** की मुख्य परीक्षा–**2022** के लिए आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाएं निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

विवरण	प्रारम्भ तिथि	अन्तिम तिथि
छात्र / छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरने की तिथि	24-01-2022	15-02-2022
महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधित करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करने की तिथि	24-01-2022	17-02-2022

1. **छात्र / छात्राओं हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाः–**
   1. छात्र / छात्रा हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु वेबसाइट **www.rmlauexams.in** खोलें।
   2. वेबसाइट पर उपलब्ध **Registration Form for Main Examination for Regular/Private/Ex** जो लागू हो, को क्लिक करें।
   3. तत्पश्चात् आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में वांछित विवरण को सावधानीपूर्वक भरें।
   4. समस्त सूचनाओं को पूरित करने के उपरान्त भरे गये आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिंट दो प्रतियों में निकालना सुनिश्चित करें।
   5. प्रिंट किये गये आनलाइन परीक्षा **आवेदन पत्र की दोनों प्रतियों पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त महाविद्यालय में एक प्रति जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास सुरक्षित** रखें।
   6. यदि किसी छात्र / छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को पूरित करते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो सम्बन्धित छात्र / छात्रा ऐसी दशा में अपने आवेदित परीक्षा आवेदन पत्र को महाविद्यालय में संशोधन कराना सुनिश्चित करें।
   7. **छात्र / छात्रा महाविद्यालय में त्रुटिरहित परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ही जमा कराना सुनिश्चित करेगें।**
2. **महाविद्यालयों हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्रों को सत्यापित करने से सम्बन्धित प्रक्रियाएंः–**
   1. महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्र / छात्राओं द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार जमा किए गए परीक्षा आवेदन पत्रों को सत्यापित / वेरीफाई करने हेतु वेबसाइट **www .rmlauexams.in** खोलेगें।
   2. यदि किसी छात्र / छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र में कोई त्रुटि है तो ऐसी दशा में महाविद्यालय द्वारा छात्र / छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधन करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित

करेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किये जायेगें तो इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय एवं छात्र/छात्रा की होगी।

3. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं द्वारा निर्धारित तिथि में जमा किए गए परीक्षा आवेदन पत्रों का स्वयं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर लें, अर्हता सम्बन्धी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण न होने पर तत्सम्बन्धी छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा। इसके लिए सम्बन्धित छात्र/छात्रा एवं महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी एवं ऐसे छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
4. यदि महाविद्यालय में सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सम्बद्धता **सत्र 2020–21 में समाप्त हो गयी है तो उस महाविद्यालय द्वारा सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सत्र 2021–22 हेतु सम्बद्धता/विस्तरण प्राप्त किये बिना छात्र/छात्राओं का प्रवेश किसी भी दशा में न लिया** जाय। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा प्रवेश लेकर छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबन्धक की होगी।
5. **स्नातक विषयों में पाठ्यक्रम अवधि 06 वर्ष एवं परास्नातक विषयों में पाठ्यक्रम अवधि 04 वर्ष** पूर्ण होने के उपरान्त भी यदि छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूरित किया जाता है एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा सत्यापित/वेरीफाई किया जाता है उसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र/छात्रा एवं महाविद्यालय की होगी। उक्त पूरित किये गये परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माने जायेगें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

१. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं का आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत पूरित/वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
२. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।/
३. सहायक कुलसचिव/प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)
४. वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी/कुलसचिव, वित्तअधिकारी/कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
५. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी।
६. प्रोग्रामर, ई०डी०पी० को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को अपलोड करने एवं आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा जिन महाविद्यालयों को कक्षा संचालन की अनुमति विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त नहीं है उन महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के आनलाइन परीक्षाफार्म भराये जाने हेतु कालेज लॉगिन न खोली जाए।
७. कार्यालयीय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक